तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 16 मई 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

14 शांतिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक ...



13 सीमेंट प्लांट स्थानीय युवाओं को दे रोजगार








## खबर संक्षेप

### पंचायत उप निर्वाचन के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के लिए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के लिये अतिरिक्त संचालक पंचायत संचालनालय टेकचंद अग्रवाल को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

### अधिकारी करेंगे पूल वाहन का उपयोग

**बलौदाबाजार।** पेट्रोल-डीजल की मितव्ययिता एवं संसाधनों का बेहतर उपयोग हेतु अधिकारी अब पूल वाहन का उपयोग करेंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिला अधिकारियो को निर्देशित किया हैं कि सुशासन शिविर या अन्य दौरे में जाते समय अधिकारी पूल वाहन का उपयोग करें। एक दूसरे से समन्वय कर वाहन क्षमता अनुसार एक वाहन का उपयोग करें। इसी तरह अनुभाग एवं विकासखंड स्तर पर पदस्थ अधिकारी भी पूल वाहन का उपयोग करें। कलेक्टर ने कहा है कि पूल वाहन का चयन विभागीय अधिकारी अपने समन्वय से कर सकते हैं। कृषि विभाग, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन जैसे विभाग एक वाहन का साझा उपयोग कर सकते हैं । इसी तरह खाद्य, सहकारिता, नॉन के अधिकारी भी एक वाहन का उपयोग कर सकते हैं। अन्य विभाग भी आपसी समन्वय से कर सकते हैं।

### कुसमी में समाधान शिविर आज

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं क़ी उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार 16 मई को विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत कुसमी में समाधान शिविर आयोजित होग़ा। शिविर में ग्राम पंचायत घोटिया, कुकदा, पठारीडीह, गोड़ा, औरांसी, गितकेरा, सैहा, बेल्हा, गातापार, दतान प, घिरघोल, सर्रा, सिंघोरा, गिर्रा, सिसदेवरी, मुड़पार एवं खैरा कुसमी कुल 18 ग्राम पंचायत के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होग़ा।

# तूफान से बिजली लाइन पर गिरे बड़े-बड़े पेड़, रातभर मरम्मत, अलसुबह आई बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा


बीते गुरूवार की रात मौसम का मिजाज बिगड़ गया। रात्रि में तेज हवा गरज के साथ जमकर बारिश हुई। हवा की गति इतनी ज्यादा तेज थी, कि शहर के अंदर इलाके के कई स्थानों पर बड़े बड़े पेड़ जड़ से उखड़ गये। वहीं कई पेड़ की बड़ी बड़ी डंगाल उखड़ गयी। पेड़ के उखडने से पेड़ की बड़ी बड़ी डंगाल बिजली लाइन के उपर गिर जाने से रात 11 बजे से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। शहर के 15 बिजली फीडरों में ब्लैक आऊट की स्थिति निर्मित हो गई। पूरे शहर की बिजली गुल होने के बाद बिजली विभाग की टीम लाइन को दुरूस्त करने में जुटी, हालांकि की पानी तेज गिरने के चलते सुधार कार्य में दिक्कत आयी। बिजली विभाग के डीई व्हीके राठिया एवं एई वासुदेव साहू शहर में पेट्रोलिंग में निकले। तेज अंधड व बारिश के चलते बिजली बंद होने के बाद बलौदाबाजार के अधीक्षण यंत्री जीपी अनंत व्यवस्थाओं की जानकारी लेते रहे।

## 15 फीडरों में ब्लैकआउट, बिजली व्यवस्था ठप



### 11 ट्रांसफार्मर और 30 से अधिक पोल क्षतिग्रस्त

राठिया ने बताया कि तेज हवा पानी में भारी संख्या में पेड़ की डंगाल और झाड़ गिरे, जिसके कारण शहर के चार ट्रांसफार्मर और पूरे डिवीजन में 11 ट्रांसफार्मर जो कि खराब हो गये, वहीं शहर के विभिन्न इलाकों में 6 पोल एवं ग्रामीण इलाकों में 24 से अधिक पोल क्षतिग्रस्त हो गये एवं बिजली विभाग को एक करोड़ रूपये की क्षति का अनुमान लगाया गया है। वहीं इस दौरान बिजली विभाग के कर्मचारियों के अलावा ठेकेदार के लोगों को बुलाकर काम शुरू किया। बीती रात 3 बजे बिजली व्यवस्था बहाल हुई, जो सुबह तक चलता रही। वहीं बिजली विभाग जहां पोल टूटे वहां पर स्थायी पोल लगाने की व्यवस्था की जा रही है।



## समस्या : कलेक्टर जिले के सभी पेट्रोल पंपों को 24 घण्टे आपूर्ति के निर्देश

# पेट्रोल पंपों में 1504 लीटर डीजल पेट्रोल का स्टॉक, 5 पम्प ड्राई आउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ऑयल कंपनियों एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में पेट्रोल, डीजल पम्पों का निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में जिले में संचालित 116 में से 111 पेट्रोल पम्पों में 656 किलोलीटर पेट्रोल एवं डीजल का 848 किलो लीटर स्टॉक उपलब्ध है। 5 पेट्रोल-डीजल पम्प ड्राई आउट हैं। जिले में पेट्रोल की दैनिक औसत खपत 160 किलो लीटर एवं डीजल की औसत खपत 360 किलो लीटर है।

जिले में ड्राई आउट होने वाले पेट्रोल/डीजल पंपों को जल्द ही स्टॉक की आपूर्ति ऑयल कंपनियों के डिपो से लगातार की जा रही है एवं जिले में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। विगत 2 दिवस में प्रदेश के पेट्रोल-डीजल पम्प के ड्राई आउट होने का कारण अफवाह एवं घबराहट के कारण आम लोगों की पेट्रोल-डीजल की खपत में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है एवं मांग में हुई इस वृद्धि के कारण कृत्रिम अभाव उत्पन्न हुआ है।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने तीनों ऑयल कंपनियों के सेल्स विक्रय अधिकारी एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों से पेट्रोल, डीजल की उपलब्धता एवं आपूर्ति के संबंध में समीक्षा किया गया, जिसमें तीनों ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि आवश्यकता, मांग अनुसार पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति की जा रही है। ऑयल कंपनियों के अधिकारियों को उपभोक्ता की मांग, खपत अनुसार पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति बनाये रखने एवं मांग सामान्य होने तक कलेक्टर जिले के सभी पेट्रोल पंपों को 24 घण्टे आपूर्ति के निर्देश दिये गये है। जिले में पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति से संबंधित शिकायत के लिए संपर्क केन्द्र का गठन किया गया है।

### पेट्रोल सार्टेज, पंपों में लगी लंबी लाइन



**भाटापारा।** शहर के सभी आठ पेट्रोल पंपों में पेट्रोल भरवाने व अपने दुपहिया वाहन में टंकी फुल कराने को लेकर दुपहिया वाहनों की पेट्रोल पंप में लाइन लग गई। पेट्रोल लेने की होड़ की वजह से सुबह कुछ पेट्रोल पंपों में भीड़ लग गई, उसके बाद लोगों को इस बात का भरोसा दिलाया गया कि पेट्रोल डीजल का पर्याप्त स्टाक है। उसके बाद कहीं जाकर पेट्रोल पंपों से भीड़ छटी। इस संबंध सहायक खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप द्वारा सभी पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया और निर्देशित किया पेट्रोल और डीजल दोनों जरकिन व डब्बे में नहीं दिया जाये। वहीं दूसरी ओर आज से पेट्रोल डीजल के रेट भी बढ़ा दिये गये है, जिसके तहत पेट्रोल 104.18 डीजल 102.49 हो गया है।

### पेट्रोल - डीजल के अधिकांश पंपों में नो स्टाक का बोर्ड



**खरोरा।** जिले में इन दिनों पेट्रोल और डीजल की किल्लत से आम जनता परेशानियों का सामना कर रही है। पेट्रोल पंपों में लंबी कतारें लग रही हैं, वहीं कई वाहन चालक घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। क्षेत्र में डीजल की किल्लत अब गंभीर रूप लेने लगी है। खरोरा और आसपास के सात से अधिक पेट्रोल पंपों पर डीजल स्टॉक खत्म होने की स्थिति बन गई है। कई पंपों पर स्टॉक खत्म की तख्तियां लगने के बाद वाहन चालकों, किसानों और मशीन संचालकों की चिंता बढ़ गई है। खरोरा सहित आसपास के इलाकों में डीजल की किल्लत बढ़ती जा रही है। नगर के सभी पेट्रोल पंपो पर पेट्रोल तो मिल रहा है लेकिन डीजल की किल्लत बनी हुई है। जिसके चलते ट्रक चालकों सहित सभी डीजल ▶▶ शेष पेज 13 पर

# शिव सैनिकों ने सनातन विरोधी उदयनिधि का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र उदयनिधी स्टालिन द्वारा भरे विधानसभा में हिन्दू समाज सनातन संस्कृति को नष्ट कर देना चाहिये कहते हुए हिन्दू विरोधी बयान दिया है, जिसका छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आव्हान पर प्रदेश भर में शिव सैनिको द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शिवसेना सिमगा नगर ईकाई द्वारा सिमगा नगर के जयस्तंभ चौक में हिन्दू समाज विरोधी उदयनिधी स्टालिन का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद ने कहा कि सनातन धर्म भारत की आस्था, संस्कृति एवं परंपरा का प्रतीक है। सनातन धर्म के खिलाफ लगातार अपमानजनक बयान देकर देश के करोड़ों हिंदू जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है जिसे शिवसेना किसी भी स्थिति में सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज एवं सनातन संस्कृति के विरोध में बोलने वाले नेताओं के खिलाफ पूरे प्रदेश में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद, जिला उपाध्यक्ष योगेश्वर वैष्णव, डुपेश देवांगन, भाटापारा विधानसभा महासचिव रामविलास साहू , उपाध्यक्ष आत्माराम नेताम, सिमगा शहर अध्यक्ष वैभव चौबे, युवा सेना अध्यक्ष अंकुश शर्मा, उपाध्यक्ष नितिन देवांगन, ब्लाक उपाध्यक्ष नान्हेराम घृतलहरे, निखिल देवांगन, अमित दुबे, करन कसार, मेयांस देवांगन आदि शिव सैनिक उपस्थित थे।

# 142 हाइवा रेत जब्त, पंचायत को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भैंसा

■ अवैध रेत भंडारण के खिलाफ जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

क्षेत्र में अवैध रेत भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम भैंसा आरंग ब्लॉक समीपस्थ ग्राम गुल्लू के पास भारी मात्रा में अवैध रेत का जखीरा बरामद किया है। राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त कार्रवाई में कुल 142 हाइवा रेत जब्त की गई है, जिसे स्थानीय ग्राम पंचायत की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है।



खनिज विभाग की इस महत्वपूर्ण कार्रवाई का नेतृत्व खनिज निरीक्षक सुश्री प्रिया सिन्हा ने किया। टीम में मुख्य रूप से सुनील दत्त शर्मा (सुपरवाइजर), लुकेश वर्मा,तारकेश्वर वर्मा शामिल थे।

कार्यवाही के बाद खनिज निरीक्षक सुश्री प्रिया सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र में अवैध उत्खनन और भंडारण करने वालों को किसी भी ▶▶ शेष पेज 13 पर

### अवैध रेत भंडारण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

प्रशासन को लंबे समय से क्षेत्र में रेत के अवैध डंपिंग की सूचना मिल रही थी। इसी कड़ी में अधिकारियों ने दो प्रमुख स्थानों पर दबिश दी। गुल्लू-अकोली मार्गः यहां सुंदर नगर (भिलाई) निवासी प्रिंस जायसवाल की निजी जमीन पर लगभग 81 हाइवा खनिज रेत का अवैध भंडारण पाया गया। गुल्लू-देवरी मार्गः यहां आरंग निवासी अविनाश अग्रवाल द्वारा अवैध रूप से डंप की गई लगभग 61 हाईवा रेत बरामद की गई। जब्त की गई कुल 142 हाइवा रेत को तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत गुल्लू के सुपुर्द कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध दस्तावेजों और रॉयल्टी पर्ची के रेत का भंडारण पूरी तरह गैर-कानूनी है और इस पर आने वाले समय में भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

## पहली कक्षा में 50 सीटों के लिए 60 आवेदन पात्र पाए गए

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए निकाली लॉटरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर में संचालित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में बच्चों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें आवेदन की अंतिम तिथि 9 मई निर्धारित थी, जिसमें पात्र अपात्र सूची जारी होने के बाद 14 मई को भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप अनुविभागीय अधिकारी कसडोल रामरतन दुबे, तहसीलदार विवेक कुमार पटेल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष गणेश शंकर साहू, शाला विकास समिति के प्रमुख सदस्यगण, शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय शाला विकास समिति अध्यक्ष पुनेश्वरनाथ मिश्रा एवं नगर से प्रमुख गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

प्राचार्य वी.आर. मंडलेश्वर ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन कर सभी अभिभावकों को रिक्त सीटों को जानकारी प्रदान की।





### पहली कक्षा की 48 सीटों के लिए निकली लॉटरी

आपको बता दें कि कक्षा पहली से लेकर आठवीं प्रमुख रिक्त सीटों पर आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसमें सीटों का विवरण बताया गया। कक्षा पहली के लिए कुल 50 सीट है जिसमें कुल पात्र आवेदन 60 आवेदन प्राप्त हुए। इसी तरह से कक्षा दूसरी में कुल रिक्त 04 सीट - 24 पात्र आवेदन, कक्षा तीसरी में 05 सीट - 04 पात्र आवेदन, कक्षा चौथी में 09 सीट - 06 पात्र आवेदन, पांचवीं में 13 रिक्त सीट पात्र आवेदन 07, कक्षा छठवीं में रिक्त सीट 06 पात्र आवेदन 17, कक्षा सातवीं में रिक्त सीट 13 पात्र आवेदन 17 और कक्षा आठवीं में रिक्त सीट 15, पात्र आवेदन 04 प्राप्त हुए। छग शासन के निर्देशानुसार कक्षा पहली में कुल 50 सीट में से 48 रिक्त सीटों को लॉटरी निकाली गई। 2 सीट महतारी दुलार योजना हेतु आरक्षित किया गया है। जिसमें लड़का और लड़की को 24-24 अनुपात में लिया गया। साथ ही जिन कक्षाओं में रिक्त सीटों की अपेक्षा कम आवेदन प्राप्त हुए वहां पर बिना लॉटरी के सीधी भर्ती की गई है।




# जनगणना वाले किसी महिला को पति का नाम बताने नहीं कर सकते बाध्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की महिलाओं के बीच एक परंपरा या सामाजिक रूढ़ि ये है कि महिलाएं अपने पति का नाम पूछने पर भी नहीं बतातीं। कई बार जरूरत पड़ने पर संकेतों में नाम बताते हुए भी झिझकती हैं। अब अगर जनगणना के दौरान इन महिलाओं से पति का नाम पूछा गया, तो भला वे कैसे बताएंगी। शायद इसी बात को भांपकर जनगणना करने वालों से कहा गया है कि किसी महिला के पति का नाम या मृत पति का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

यही नहीं, किसी भी व्यक्ति को घर की महिला का नाम बताने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकेगा। राज्य सरकार के गृह विभाग ने जनगणना के संबंध में आधिकारिक रूप से यह बात कही है। खास बात ये भी है कि आम जनता से कहा गया है कि जनगणना अधिकारी को सही और स्पष्ट जानकारी दें। गृह विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनगणना के दौरान पूछे गए सवालों के जवाब देना नागरिकों की कानूनी बाध्यता है और इसमें कोताही बरतने या गलत जानकारी देने पर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

### कानून और आपकी जिम्मेदारी

*जनगणना अधिनियम के तहत नागरिकों के लिए कुछ विशेष नियम बनाए गए हैं। अधिसूचना के मुताबिक, हर व्यक्ति जनगणना अधिकारी द्वारा पूछे गए सवालों का अपनी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार उत्तर देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। हालांकि, इसमें कुछ सामाजिक रियायतें भी दी गई हैं। जैसे किसी भी व्यक्ति को अपने परिवार की किसी महिला सदस्य का नाम बताने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। कोई भी महिला अपने पति या मृत पति का नाम बताने के लिए बाध्य नहीं होगी, यदि उनकी सामाजिक रूढ़ियों में ऐसा करना वर्जित हो।इसके अलावा, नागरिकों को अपने घरों में जनगणना अधिकारियों को प्रवेश देने और मकानों पर नंबर या चिन्ह लगाने की अनुमति देनी होगी।*

### जनगणना 2027 पर राज्य के गृह विभाग के निर्देश

### जानबूझकर गलत जानकारी देने पर जुर्माना



फाइल फोटो

### सजा और जुर्माने का प्रावधान

जनगणना के दौरान लापरवाही बरतने वालों के लिए सख्त चेतावनियां भी दी गई हैं। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर गलत उत्तर देता है, उत्तर देने से इंकार करता है, या जनगणना के प्रतीकों (नंबरों) को मिटाता है, तो उसे एक हजार रुपये तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है। वहीं, यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने कर्तव्यों का पालन करने में लापरवाही बरतता है या जनगणना कार्य में बाधा डालता है, तो उसे जुर्माने के साथ-साथ तीन साल तक की जेल भी हो सकती है।

### आंकड़ों की गोपनीयता

सरकार ने यह भी भरोसा दिलाया है कि जनगणना के दौरान जुटाए गए आंकड़ों को पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023' के बावजूद, जनगणना के इन रिकॉर्ड्स का उपयोग किसी भी दीवानी (सिविल) या आपराधिक कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकेगा। गोपनीयता का कड़ा पहरा- जनगणना अधिनियम, के तहत, जनगणना अधिकारी द्वारा तैयार किए गए किसी भी रजिस्टर या रिकॉर्ड का निरीक्षण करने का अधिकार किसी को नहीं है । यहाँ तक कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के प्रावधानों के बावजूद, इन आंकड़ों को किसी भी दीवानी या आपराधिक कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता ।

## खबर संक्षेप

### दीनदयाल के उपन्यास 'पीरा' का विमोचन



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित न्यू सर्किट हॉऊस के सभागार में गुरुवार को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा एक दिवसीय साहित्यिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार व संपादक डॉ. दीनदयाल साहू की कृति छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'पीरा' का विमोचन किया गया। उनका यह तीसरा उपन्यास है। साथ ही दो छत्तीसगढ़ी उपन्यास अंतस के पीरा और सोनहा माटी प्रकाशनाधीन हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ी और हिंदी सहित कई विधाओं में 18 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। विमोचन के अवसर पर विधायक सुनील सोनी, विधायक अनुज शर्मा, इतिहासकार डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र, राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा के अलावा अरुण निगम, शशि दुबे, जोशी बहनें सहित रायपुर जिले के अलावा अन्य जिलों की भी साहित्यिक प्रतिभाएं उपस्थित रहीं।

### केटीयू में विद्यार्थियों को पुरस्कार, किया सम्मानित



**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के 22वें स्थापना दिवस के अवसर पर जनसंचार विभाग द्वारा गुरुवार को विभागीय सेमिनार हॉल में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह किया गया। यह कार्यक्रम अकादमिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करने के लिए किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने कहा कि अकादमिक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं बौद्धिक क्षमता को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने विद्यार्थियों एवं विभागों को हर संभव प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रो. केएन किशोर तथा डॉ. सोमनाथ साहू, जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मोहंती, डॉ. कपिल देव प्रजापति, डॉ. चैताली पाण्डेय के अलावा विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### ईंधन संकट के बीच आई राहत की एक खबर

# अब रिहायशी इलाकों से लेकर हाईवे तक नजर आएंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में इस समय पेट्रोल डीजल की समस्या से लोग जूझ रहे हैं, इसी समय लोगों को ईवी यानी इलेक्ट्रिक व्हीकल की भी याद आ रही है। हालांकि राज्य में इन वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बेहद कम है, लेकिन राज्य सरकार ने लोगों को अब इस चिंता से उबार दिया है। छत्तीसगढ़ में अब रिहायशी कॉलोनी से लेकर हाईवे तक ईवी चार्जिंग स्टेशन नजर आएंगे। दरअसल राज्य सरकार ने पहली बार इस संबंध में नियम बनाकर इसे लागू भी कर दिया है।

### ये है मामला

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए 'भूमि विकास नियम' में बड़े बदलाव किए हैं। नए नियमों के तहत अब रिहायशी इलाकों से लेकर नेशनल हाईवे तक पर चार्जिंग स्टेशन और सर्विस सेंटर खोलना आसान हो जाएगा। इस काम के लिए आवास एवं पर्यावरण विभाग ने छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 में संशोधन करते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नए विकास मानदंड निर्धारित किए हैं।

### जारी हुए नए नियम




### चार्जिंग स्टेशनों के लिए तय हुए मानक

सरकार द्वारा जारी नई गाइडलाइंस के अनुसार, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग और सर्विस सेंटर के लिए जमीन और सुविधाओं की श्रेणियां तय कर दी गई हैं। न्यूनतम स्थान- पब्लिक चार्जिंग स्टेशन (पीसीएस) के लिए कम से कम 13.5 मीटर x 5.5 मीटर जगह अनिवार्य होगी। फ्लूइड कूल्ड स्टेशन- भारी वाहनों और लंबी दूरी की यात्रा के लिए बनने वाले फ्लूइड कूल्ड बैटरी चार्जिंग स्टेशन ( एफसीबी सीएस के लिए कम से कम 15 मीटर x 7 मीटर जगह की जरूरत होगी। पार्किंग का नियम- स्टैंडअलोन चार्जिंग स्टेशनों के लिए कुल पार्किंग क्षमता का केवल 20 प्रतिशत हिस्सा ही इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए माना जाएगा और इसी आधार पर चार्जिंग पॉइंट्स का अनुपात तय होगा।

### कहां-कहां खुल सकेंगे ये केंद्र

*सरकार के मुताबिक उन क्षेत्रों को भी चिन्हित किया गया है जहां ये केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं। इनमें मध्य क्षेत्र, जिला केंद्र, सामुदायिक केंद्र, शहरी क्षेत्रों में आवासीय और औद्योगिक क्षेत्र, नेशनल और स्टेट हाईवे के किनारे, और माल परिवहन कॉम्प्लेक्स शामिल हैं। हालांकि, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह शर्त रखी गई है कि ये केंद्र ऐसी सड़कों पर नहीं बनाए जा सकेंगे जिनका 'राइट ऑफ वे' (सड़क की चौड़ाई) 30 मीटर से कम हो। पुराने शहरी क्षेत्रों में विशेष मामलों में ही अनुमति दी जाएगी। हाईवे के दोनों ओर हर 25 किलोमीटर पर एक पब्लिक चार्जिंग स्टेशन होगा। हर 100 किलोमीटर पर फास्ट चार्जिंग की सुविधा या फ्लूइड कूल्ड बैटरी चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध कराया जाएगा। बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बैटरी बदलने की सुविधा) का विकल्प भी सेवा प्रदाताओं को दिया गया है।*

### बूथों की कुंडली तैयार

# भाजपा का अभी से 2028 के विधानसभा चुनाव पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का अभी से 2028 के विधानसभा चुनाव पर फोकस प्रारंभ हो गया है। एसआईआर के बाद प्रदेश में करीब तीन हजार बूथों का इजाफा हो गया है। भाजपा का हमेशा से ही बूथों पर बड़ा फोकस रहता है। भाजपा ने तो नए सिरे से सभी बूथों की कुंडली भी बना ली है। अब लगातार बैठकों का दौर प्रारंभ करके कमजोर बूथों को चिन्हित कर उनको मजबूत करने का काम किया जाएगा। भाजपा की कार्यसमिति में भी अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी करने पर मंथन किया गया है।

भाजपा की चुनावों को लेकर हमेशा से ही अलग रणनीति रहती है। भाजपा किसी भी राज्य में चुनाव की तैयारी काफी पहले से प्रारंभ कर देती है। अप्रैल और मई में पांच राज्यों के चुनाव के बाद भाजपा ने अभी से 2027 और 28 में जिन भी विधानसभाओं में चुनाव होने हैं उसकी तैयारी प्रारंभ कर दी है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ मे 2028 में चुनाव होगा। इसके लिए अभी करीब ढाई साल का समय है, लेकिन यहां पर अभी से तैयारी करने का काम प्रारंभ कर दिया गया है।

### बैठकों में कमजोर बूथों पर चर्चा के बाद इनको किया जाएगा मजबूत



### बूथों पर बड़ा फोकस

भाजपा का हमेशा से ही बूथों पर बड़ा फोकस रहता है। बूथों को मजबूत करके भाजपा चुनाव जीतने का काम करती है। पिछले चुनाव में भी बूथों की पूरी कुंडली तैयार करके कमजोर बूथों पर फोकस किया गया और भाजपा एक बार फिर से सत्ता में वापस आई। अब एसआईआर के बाद प्रदेश में करीब 25 हजार बूथों के स्थान पर करीब 28 हजार बूथ हो गए हैं तो भाजपा ने उन तीन हजार नए बूथों के साथ पुराने बूथों की भी कुंडली तैयार कर ली है। अब इसी माह से भाजपा की बैठकों की दौर प्रारंभ होने वाला है। इसमें बूथों की बैठक के साथ शक्ति केंद्र, मंडल और जिलों की बैठक होगी तो इसमें बूथों को लेकर खास मंथन होगा किस मंडल और किस जिले में कितने बूथ ऐसे हैं जो कमजोर हैं। इसके बाद इन बूथों को मजबूत करने की रणनीति तैयार करके इनको मजबूत किया जाएगा। भाजपा के पास हर बूथ के लिए पन्ना और पेज प्रभारी हैं। इनको बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी।


# पिछले सीजन में खरीदे गए धान का बारिश से पहले उठाव करने खाद्य मंत्री का फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पिछले खरीफ सीजन में खरीदे गए धान का उठाव बारिश के पहले करने का फरमान खाद्यमंत्री दयालदास बघेल ने दिया है। उन्होंने गुरुवार को विभागीय योजनाओं, धान उठाव, कस्टम मिलिंग तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में खरीफ वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के निराकरण, धान खरीदी केन्द्रों एवं संग्रहण केन्द्रों से धान के उठाव, कस्टम मिलिंग एवं एफसीआई तथा नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा किए जाने की प्रगति की समीक्षा की गई।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीफ वर्ष 2025-26 के उपार्जन केन्द्रों एवं संग्रहण केन्द्रों में शेष धान का उठाव 31 मई तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए। उल्लेखनीय है कि उपार्जन केंद्रों मं 144 मीट्रिक टन और संग्रहण केंद्रों में 4.50 लाख मीट्रिक टन धान उठाव के लिए शेष है। उन्होंने कस्टम मिलिंग के बाद चावल जमा करने की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अप्रैल, मई एवं जून के लिए तीन माह के एकमुश्त चावल भंडारण एवं वितरण की भी समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा में तीनों माह का राशन वितरण कार्य पूर्ण किया जाए ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### खाद्य मंत्री ने विभागीय समीक्षा कर धान उठाव और कस्टम मिलिंग की ली जानकारी



### कर्मचारियों की भर्ती जल्द

समीक्षा बैठक में खाद्य संचालनालय, जिला कार्यालयों, नागरिक आपूर्ति निगम, राज्य भंडार गृह निगम तथा छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया की स्थिति की भी समीक्षा की गई। मंत्री श्री बघेल ने आवश्यक पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

### पीडीएस के कमीशन का शीघ्र करें भुगतान

राज्य में खाद्यान्न भंडारण क्षमता की समीक्षा करते हुए मंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम द्वारा निर्माणाधीन गोदामों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर उपयोग में लाने के निर्देश दिए। बैठक में विधिक माप विज्ञान के कार्यों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण, पूरक पोषण आहार एवं मध्यान्ह भोजन जैसी योजनाओं से जुड़े कमीशन का भुगतान शीघ्र करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# विधायक ने खरीदा ई-रिक्शा पेट्रोल बचाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी अपनाने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए उत्तर क्षेत्र के विधायक ने नई पहल की है। इस क्रम में उन्होंने निजी उपयोग के लिए ई-रिक्शा खरीदा है।

विधायक पुरंदर मिश्रा ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि मैंने संकल्प लिया है कि रायपुर के स्थानीय आयोजनों एवं जनसंपर्क अभियान में अधिकतर ई-रिक्शा से ही आवागमन करेंगे। इसी क्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा आज "सुशासन तिहार गांव-गांव, द्वार-द्वार सुशासन की सरकार" के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में अपने नए ई-रिक्शा से पहुंचने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती



खपत अर्थव्यवस्था पर प्रभाव डाल सकती है। किसी प्रकार ईंधन की समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए जनप्रतिनिधि और आमजन छोटे-छोटे प्रयास करें, तो भारतीय मुद्रा की बचत के साथ प्रदूषण को भी कम किया जा सकता है। विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वाहन भविष्य की जरूरत हैं। इनके उपयोग से पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी।

### पर्यावरण के लिए जरूरी

उन्होंने लोगों से भी अधिक से अधिक ई-व्हीकल और ई-रिक्शा अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि "देशहित और पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित "सुशासन तिहार" का उद्देश्य एक ही छत के नीचे लोगों की समस्याओं का निराकरण करना है, ताकि लोगों को भटकना न पड़े। इस अवसर पर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी, निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम आयुक्त संबित मिश्रा, जोन 4 की आयुक्त दिव्या चंद्रवंशी, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, शंकर नगर मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## कचना ओवरब्रिज जल्द होगा शुरू, साव ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने रायपुर में खम्हारडीह-कचना रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के अंतिम चरण के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को ओवरब्रिज का काम जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ओवरब्रिज पर पैदल चलकर अधिकारियों से इसके तकनीकी मानकों की जानकारी ली। उन्होंने यहां लाइटिंग के लिए अच्छी गुणवत्ता के पोल्स और लाइट्स का उपयोग करने को कहा।



श्री साव ने कचना ओवरब्रिज के निरीक्षण के बाद कहा, इसका 96 प्रतिशत काम पूर्ण कर लिया गया है। थोड़े से बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर इसे यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

## महतारी वंदन केवाइसी अपडेट कराने पार्षद कार्यालय में शिविर

**रायपुर।** शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के रामकुंड स्थित पार्षद कार्यालय में महतारी वंदन योजना अंतर्गत हितग्राहियों के लिए केवाईसी अपडेट कराने शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 15 और 16 मई को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया जाएगा। वार्ड पार्षद एवं लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने वार्ड के हितग्राहियों को विशेष शिविर में उपस्थित होकर महतारी वंदन योजना का लाभ उठाने केवाईसी अपडेट कराने की अपील की है। दो दिवसीय शिविर पार्षद कार्यालय रामकुंड में आयोजित है।

### पूछा सवाल-5 साल तक कांग्रेस सरकार के समय क्यों नहीं किया ऐतराज

# टैंकर निविदा में आपत्ति को लेकर ठेकेदारों ने नेता प्रतिपक्ष को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- छवि धूमिल करने का लगाया आरोप

नगर निगम के जल विभाग द्वारा शहर के पेयजल संकट प्रभावित इलाकों में किराये के पानी टैंकर का टेंडर को लेकर नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी द्वारा की गई आपत्ति को लेकर अनुबंधित ठेकेदारों ने पत्र लिखकर इसका जवाब दिया है। अनुबंधित ठेकेदारों ने हस्ताक्षर युक्त पत्र नेता प्रतिपक्ष के नाम लिखकर यह पूछा है कि पिछले 5 साल तक नगर निगम में कांग्रेस की सरकार थी, जिसमें आप एमआईसी सदस्य थे। उस वर्षों में इसी प्रकार 5-6 ठेकेदारों द्वारा किराये के पानी टैंकर संचालित किए गए, जिस पर आपके द्वारा कभी भी प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया गया, लेकिन वर्तमान में इस प्रक्रिया पर आपके द्वारा प्रश्न क्यों उठाया जा रहा है, यह समझ से परे है। आकाश तिवारी को संबोधित करते हुए ठेकेदारों ने कहा है कि टैंकर निविदा ऑनलाइन हुई थी, जिसमें प्रथम निविदा में किसी भी फर्म





द्वारा भाग नहीं लिया गया। रीटेंडर में हमने रेट कोड किया और नगर निगम से टैंकर चलाने का कार्य मिला। सिंडिकेट बनाकर कार्य करने का आरोप लगाना गलत है, इससे हमारी छवि धूमिल हो रही है। इसीलिए आग्रह है कि 3 दिन के भीतर अन्य ठेकेदार का चयन कार्य मुक्त करें, अन्यथा अपनी बात का खंडन करें।

### नेता प्रतिपक्ष का ये है कहना :

नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने टैंकर के लिए अनुबंधित ठेकेदारों के पत्र के जवाब में कहा है नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष होने के नाते सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभा रहा हूं, मैंने जो भी सवाल उठाए हैं पूरे साक्ष्य के साथ उठाए हैं। आम जनता के हित की मूलभूत सुविधाओं में कमियां आएगी तो उस बात को गंभीरता से उठाउंगा। यह महापौर और उनके परिषद की जिम्मेदारी है, कि रायपुर की जनता को उनकी मूलभूत सुविधा मुहैया कराए। आकाश तिवारी ने कहा है कि इसके पूर्व मैने रायपुर नगर निगम में प्रधानमंत्री आवास योजनामें जिन हितग्राहियों को लाभ नहीं मिल रहा था उस योजना के 800 हितग्राहियों की सूची सौंपी थी, जिनको आवास योजना का पैसा नहीं मिल रहा था, इसके बाद नगर निगम द्वारा 300 लोगों को आवास योजना का पैसा मिला। वीआईपी रोड स्थित नाला निर्माण कार्य को बिना सीमांकन करवाए चालू करवाया गया था, जो कि गलत था, इस बात को पूरी दमदारी से नेता प्रतिपक्ष के रूप में उठाया, इसके बाद रायपुर तहसीलदार ने उक्त स्थल का सीमांकन करवाया था। जिसमें क्वीन्स क्लब, हॉटल बेबीलान और रामस्वरूप निरंजन धर्मशाला इन सबका कब्जा होना पाया गया। इसके बाद मेरे द्वारा रायपुर नगर नगम में आम जनता को ठेके के टैंकर से पानी दिया जाने में लगातार हो रही अनियमितता का मामला उठाया है, जिस पर गड़बड़ियां सामने आई हैं। बिना जीपीएस लगाए टैंकर का संचालन नहीं किया जा सकता, फिर भी लगातार यह कार्य किया जा रहा है जो गलत है।

# छहमुंहा नाला की देखी सफाई, एसटीपी की अशुद्धि दूर करने आयुक्त के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने स्थल समीक्षा के लिए किया निरीक्षण

नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने गुरूवार को फाफाडीह क्षेत्र के छहमुहा नाला में चल रहे सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नाले की सफाई प्लेटफार्म बनाकर व्यवस्थित रूप से जल्द पूरा कराते हुए कचरा उठवाने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने ट्रांसफर स्टेशन देवेंद्र नगर का निरीक्षण कर निरंतर सफाई व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। नगर निगम जोन 2 क्षेत्र के छहमुंहा नाला जाम के चलते फाफाडीह अंडरब्रिज में पानी भरने और चूना भट्टी, पाठक गली में जलभराव से लोगों को हो रही परेशानी से उत्पन्न स्थिति जानने निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने छहमुहा नाला के सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद वे सकरी के ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण यूनिट की व्यवस्था देखने पहुंचे। इस दौरान निगम आयुक्त ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पूर्ण पालन करते हुए प्लांट के संचालन सुनिश्चत करने निर्देश दिए। निमोरा में 90 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लां का निरीक्षण कर जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया से अवगत हुए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पांडे, जोन 2 के जोन कमिश्नर संतोष पांडे, स्वच्छ भारत मिशन शाखा के नोडल अधिकारी योगेश कडू उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### पेट्रोल पंप के पास हादसा युवक पहुंचा अस्पताल

**महासमंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भोरिंग के पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, ग्राम बाना थाना खरोरा जिला रायपुर निवासी पवन बंजारे का पुत्र राजू बंजारे 11 मई को बाइक क्रमांक सीजी 04 एमडब्लू 5936 में दवाई लेने तुमगांव गया था। घर लौटते वक्त रात करीबन 10:30 बजे ग्राम भोरिंग राधेश्याम किसान सेवा पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाकर साईड से ठोकर मार दी, जिससे राजू बंजारे के सिर, पैर में चोटे आई, उसकी मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गई। राजू का ईलाज जारी है। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध कायम किया है।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट, गाली गलौज करने वाले आरोपी पति के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को फोकटपारा शिवमंदिर के पास बसना की निवासी चंद्रकांति बंजारा ने बताया कि वह बीनू साहू के घर किराये में रहकर रोजी मजदूरी का काम करती है। उसका पति पवन बंजारा ड्रायवरी का काम करता है, जो घर चलाने के लिए खर्चा नहीं देता है, इसके चलते वह दूसरों के घर काम कर घर का खर्चा चलाती हैं। उसका पति दूसरे के घर काम करने से मना करते हुए विवाद करता है। विवाद के चलते मकान मालिक घर खाली करने के लिये कह रहा था। 14 मई की सुबह करीब 10 बजे के आसपास वह मकान मालिक से बातचीत कर रही थी, तभी उसके पति ने शराब के नशे में आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री के हाथों सम्मानित हुईं हेमलता

**महासमुंद।** सामाजिक कार्यकर्ता हेमलता राजपूत ने बताया कि 11, 12 मई 2026 को दिल्ली के ताज होटल में सीआईआई फाऊंडेशन द्वारा आयोजित एनुवल बिजनेस सबिट 2026 के द्वारा भारत के 25 राज्यों से 20 विमेन एग्जाप्लर अवार्ड 2026 का घोषणा किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के जिला महासमुंद से सामाजिक कार्यकर्ता हेमलता राजपूत को महिला और बालिका शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में जो युवा महिला और बालिका व्यवस्था के अभाव ये पढ़ाई बीच में छोड़ देती है, उन्हें लगातार हेमलता द्वारा अच्छा माहौल प्रदान कर शिक्षा की मुख्य धारा से विभिन्न माध्यमों से जोड़ा गया।

## पेज 11 के शेष

### पेट्रोल - डीजल के...

से चलने वाले वाहनों के लिए मुसीबत बन गई है। कई पेट्रोल पंपों पर डीजत पूरी तरह से खत्म हो चूका है, जबकि कुछ जगहों पर सीमित मात्रा में ही तेल दिया जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि वर्तमान में खेतों में जोताई का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके लिए ट्रैक्टर चालक अधिक से अधिक डीजल लेना चाह रहा है लेकिन उन्हें पंपों पर केवल दो हजार रुपये का ही डीजल दिया जा रहा है। किसानों ने बताया कि सुबह 9 बजे तक भी उनकी बारी नहीं आ की सकी थी। ईंधन संकट का असर खेती-किसानी पर डीजल संकट का असर खेती-किसानी पर भी साफ दिखाई देने लगा है। खरीफ सीजन से पहले जुताई और खेत समतलीकरण में लगी कई ट्रैक्टर और फोकलेन मशीनें खेतों में ही खड़ी रहीं। वाहन मालिकों ने डीजल की व्यवस्था की जिम्मेदारी किसानों पर डाल दी है।

### 142 हाइवा रेत ...

सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्रवाई रेत माफियाओं के खिलाफ एक चेतावनी है। शासन के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी इसी तरह की सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

# आवासहीन व्यक्तियों को मिलेगा काबिज भूमि का पट्टा, जिले में जल्द शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन द्वारा नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्तियों को पट्टाधृति अधिकार प्रदान करने हेतु छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार नियम, 2023 अधिसूचित किए गए हैं। इन नियमों के अंतर्गत जिले के समस्त नगरीय निकायों में सर्वे की कार्यवाही किया जाएगा। इस सम्बंध में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को एसडीएम, तहसीलदार एवं मुख्य नगरपालिका की ऑनलाइन बैठक लेकर जरुरी निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशानुरुप नगरीय क्षेत्र के आवासहीन व्यक्ति को भूमि का पट्टा देने सर्वे की कार्यवाही हेतु राजस्व एवं नगरीय निकायों के अधिकारी कर्मचारियों को सम्मिलित करते हुए, सर्वेक्षण दल का गठन करें। सभी एसडीएम को प्राधिकृत अधिकारी बनाए जायेंगे, उनके निगरानी में सर्वे कार्य अगले 15 जून तक पूरा करना हैं ताकि शासन को समेकित रिपोर्ट 15 अगस्त 2026 तक्र प्रेषित किया जा सकें। क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार नियम 2023 में विहित प्रक्रिया एवं प्रावधान अनुसार सर्वे की कार्यवाही कर निर्धारित प्ररूप-क (नियम-3) में जानकारी तैयार करें। सर्वे की कार्यवाही में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 के प्रावधानों तथा वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के प्रावधानों एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विविध याचिका क्रमांक 202/95 में पारित निर्णय का पालन सुनिश्चित किया जाए।

### कलेक्टर ने ऑनलाइन मीटिंग लेकर अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश



#### आवासहीनों को मिलेगा 800 वर्गफुट तक भूमि का पट्टा

बताया गया कि छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार नियम 2023 में विहित प्रक्रिया एवं प्रावधान अनुसार नगरीय क्षेत्र के आवासहीन व्यक्ति जो 20 अगस्त 2017 से लगातार भूमि पर काबिज हैं उन्हें उस जमीन का 800 वर्ग फुट तक का पट्टा दिया जाएगा। 800 वर्ग फुट से अतिरिक्त भूमि को राशि जमा कर व्यवस्थापन किया जाएगा। राशि जमा नहीं करने पर अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। पात्रता के लिये आय सीमा 2लाख 50 हजार से अधिक न हो, सरकारी नौकररी होने पर केवल चतुर्थ वर्ग हो, एक परिवार में एक पट्टा दिया जाएगा। जमीन कब्जे की सत्यापन हेतु मतदाता सूची, टेली फोन या बिजली बिल, जल कर रसीद आदि दिखाना होगा। पीएम आवास योजना अंतर्गत जिनके मकान बने हैं वे पात्र नहीं होंगे।

## दिशा समिति की बैठक में विधायक संदीप साहू ने उठाई आवाज

# सीमेंट प्लांट स्थानीय युवाओं को दे रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक संपन्न हुई, जिसमे सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सांसद कमलेश जांगड़े, मंत्री टंकराम वर्मा, जिला कलेक्टर, जिला सीईओ सहित अधिकारीगण उपस्थित हुए। उक्त बैठक बैठक में कसडोल विधायक संदीप साहू सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान जनहित के मुद्दों पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उन्होंने जिले के सीमेंट संयंत्रों में स्थानीय युवाओं की उपेक्षा और जल जीवन मिशन की सुस्त रफ्तार को लेकर अधिकारियों को घेरा। बैठक में विधायक संदीप साहू ने जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत पर भी सवाल उठाए उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

**अधूरे कार्य:** कई गांवों में पानी टंकी का निर्माण तो कर दिया गया है लेकिन जल स्त्रोत उपलब्ध न होने के कारण आपूर्ति ठप है। विधायक ने आरोप लगाया कि कई गांवों में ठेकेदार काम अधूरा छोड़कर भाग गए हैं जिससे शासन का पैसा बर्बाद हो रहा है और लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।

विधायक संदीप साहू ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन ठेकेदारों ने काम अधूरा छोड़ा है, उन पर तत्काल कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाए। साथ ही जहां भी कार्य अपूर्ण हैं, उन्हें युद्धस्तर पर पूरा कर पेयजल आपूर्ति सुचारु की जाए, ताकि ग्रामीणों को योजना का वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने 67 हजार पंजीकृत बेरोजगारों के भविष्य पर चिंता जाहिर करते हुए जिला में रोजगार मेले का आयोजन करने एवं सीमेंट उद्योगों में स्थानीय भर्ती अनिवार्य करने की मांग की।

### जिला रोजगार कार्यालयमें 67 हजार युवाओं ने कराया है पंजीयन



#### विधायक संदीप साहू ने जताई कड़ी नाराजगी

विधायक संदीप साहू ने युवाओं के रोजगार का मुद्दा उठाते हुए सरकारी आंकड़ों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 67 हजार युवाओं ने रोजगार पंजीयन कराया है जिले में 7 से 9 बड़े सीमेंट प्लांट संचालित हैं, लेकिन जब उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि इन प्लांटों में कितने पंजीकृत युवाओं को नौकरी मिली तो विभाग का जवाब चौंकाने वाला था। अधिकारियों ने स्वीकार किया कि इन बड़े प्लांटों में स्थानीय युवाओं की भर्ती शून्य रही है, कुछ युवाओं को महज पोहा मिल या गार्ड और स्वीपर जैसे पदों पर ही रखा गया है। इस पर विधायक ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा की जब हम जल जंगल और जमीन की बात करते हैं तो उस जमीन पर लगे उद्योगों में पहला हक स्थानीय युवाओं का होना चाहिए शासन-प्रशासन प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से इन सीमेंट प्लांटों में स्थानीय बेरोजगारों को सम्मानजनक नौकरी दिलाना सुनिश्चित करें।

## प्रदेश में इंजीनियरिंग की जितनी सीटें उतने छात्र भी नहीं बैठे पीईटी में, एमएससी में भी 36% नदारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को इंजीनियरिंग और एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की गई। प्री इंजीनियरिंग टेस्ट अर्थात पीईटी में उपस्थित छात्रों का आंकड़ा देखकर इस बार भी प्रदेश में इंजीनियरिंग कॉलेजों की सीटें रिक्त रहने की आशंका है। पीईटी के लिए प्रदेशभर से 12300 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से लगभग 77 प्रतिशत अर्थात 9400 के करीब छात्र ही परीक्षा दिलाने पहुंचे। बीते सत्र में प्रदेश में इंजीनियरिंग की करीब 11 हजार सीटों के लिए काउंसिलिंग हुई थी। सत्र 2026-27 में इंजीनियरिंग सीटों की संख्या घोषित नहीं की गई है, लेकिन इस बार भी इसके 10 हजार से अधिक रहने के अनुमान है। इस तरह से यदि प्रवेश परीक्षा में शामिल सभी छात्रों को प्रवेश दिया जाए तब भी सीटें रिक्त रह जाएंगी। पीईटी के लिए रायपुर जिले में मात्र 403 आवेदन मिले थे। इनमें से 311 परीक्षा में शामिल हुए।

राजधानी में पीईटी के लिए 7 केंद्र बनाए गए थे। पीईटी के अतिरिक्त एमएससी नर्सिंग के लिए भी प्रवेश परीक्षा 14 मई को आयोजित हुई। इसके लिए रायपुर में 142 आवेदन मिले थे। 8 केंद्रों में हुई इस परीक्षा में 88 छात्र ही पहुंचे। एमएससी के लिए प्रदेशभर से 3600 आवेदन मिले थे। एमएससी में उपस्थिति 64% रही।

# 26 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं शक्ति वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा तथा नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा विशेष उपस्थित थे।

■ शिक्षा, खेल एवं सामाजिक सुविधाओं को मिलेगा विस्तार

कार्यक्रम के अंतर्गत इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 16 लाख की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं बास्केटबॉल ग्राउंड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। शक्ति वार्ड में 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी हुआ।



कुल 26 लाख की लागत से होने वाले इन विकास कार्यों से क्षेत्र में शिक्षा, खेल एवं सामाजिक अधोसंरचना को नई मजबूती मिलने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, वार्डवासी, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। शिक्षा, खेल एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं ताकि युवाओं एवं विद्यार्थियों को बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास वहां की शैक्षणिक एवं सामाजिक व्यवस्था की मजबूती पर निर्भर करता है और भाटापारा क्षेत्र निरंतर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर पालिका परिषद नगर के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना तथा युवाओं को खेल सुविधाएं देना नगर के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि शक्ति वार्ड में बनने वाला सामुदायिक भवन क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृत एवं क्रियान्वित किया जा रहा है।

# भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्यकारिणी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा युवा मोर्चा जिला बलौदा बाजार की नवीन कार्यकारिणी कि परिचयात्मक बैठक जिला कार्यालय में हुई। बैठक में युवा मोर्चा के सभी नवीन पदाधिकारीगण, जिले में निवासरत युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य, जिले के सभी पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों, विशेष आमंत्रित सदस्यों का परिचय हुआ।

इस बैठक में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधायक कोर कमेटी सदस्य शिवरतन शर्मा, प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी अमित साहू, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष कार्यसमिति सदस्य अजय राव, भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला महामंत्री द्वय कृष्णा अवस्थी, विजय यादव, उपाध्यक्ष सुनील यदु, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री द्वय मोरध्वज पैकरा, विशाल पांडे, जिला अध्यक्ष प्रणम्य पांडे, जिला महामंत्री द्वय प्रशांत यादव, सतीश सोनी, वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी, पूर्व कसडोल विधानसभा प्रत्याशी धनीराम धीवर, तीनों प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश शर्मा, नीरज परगनिहा, असीम विश्नोई समेत सभी वरिष्ठों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।






# अंधेरे से लड़ते बिजली के जवान हर मौसम में निभा रहे रोशनी का धर्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भैंसा

गर्मी की तपती दोपहर हो, मूसलाधार बारिश की काली रात या फिर कड़ाके की ठंड जब आम लोग अपने घरों में सुरक्षित रहते हैं, तब बिजली कर्मचारी जान जोखिम में डालकर खंभों पर चढ़े दिखाई देते हैं। गांव हो या शहर, तूफान के बीच घंटों तक बिजली सुधार कार्य में जुटे ये कर्मचारी किसी मौन योद्धा से कम नहीं हैं। सीमा पर तैनात भारतीय जवान जिस तरह देश की सुरक्षा के लिए हर चुनौती का सामना करते हैं, उसी तरह बिजली विभाग के कर्मचारी भी जनता के जीवन को रोशन रखने के लिए दिन-रात संघर्ष करते हैं।

फर्क सिर्फ इतना है कि जवान सीमा पर दुश्मनों से लड़ते हैं और बिजली कर्मचारी अंधेरे, तूफान और तकनीकी संकटों से तेज बारिश में जब बिजली तार टूट जाते हैं या ट्रांसफार्मर खराब हो जाते हैं, तब यही कर्मचारी भीगते हुए घंटों मरम्मत कार्य करते हैं। कई बार रात के 2-3 बजे भी शिकायत मिलते ही टीम मौके पर पहुंच जाती है। भूखे-प्यासे रहकर, जान हथेली पर लेकर ऊंचे खंभों पर चढ़ना आसान नहीं होता, लेकिन लोगों के घरों में दोबारा रोशनी लौटने की जिम्मेदारी उन्हें लगातार आगे बढ़ाती रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो हालात और भी चुनौतीपूर्ण होते हैं। कीचड़ भरे रास्तों, अंधेरे खेतों और खराब मौसम के बीच बिजली कर्मचारी उपकरण लेकर दूर-दराज गांवों तक पहुंचते हैं ताकि किसानों की सिंचाई, बच्चों की पढ़ाई और आम जनजीवन प्रभावित न हो। अक्सर लोग बिजली जाने पर नाराजगी जाहिर कर देते हैं, लेकिन बहुत कम लोग उन कर्मचारियों की मेहनत और जोखिम को समझ पाते हैं, जो अपनी जान की परवाह किए बिना सेवा में जुटे रहते हैं।

■ बिजली विभाग के कर्मचारी जनता के जीवन को रोशन रखने दिन-रात करते हैं संघर्ष

कई बार करंट लगने और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है, फिर भी उनके हौसले कम नहीं पड़ते। सच कहा जाए तो बिजली कर्मचारी भी देश सेवा का ही एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। जिस प्रकार सीमा पर जवान देश की सुरक्षा करते हैं, उसी प्रकार ये रोशनी के जवान समाज की जीवनरेखा को निरंतर चलाए रखने का कार्य करते हैं। इनके समर्पण और मेहनत की वजह से ही लाखों घरों में उजाला कायम रहता है।

# सुशासन त्यौहार में 24 पंचायतों के ग्रामीण हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव




ग्राम गदहा भाठा में सुशासन त्यौहार अंतर्गत स्कूल परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में लोगों के भारी भीड़ देखने को मिली और विभिन्न विभागों के स्टाल आकर्षण के केंद्र बना रहा। प्राप्त आवेदनों से त्वरित कार्यवाही के लायक आवेदनों का त्वरित निराकरण भी किया गया, जिससे हितग्राहियों में खुशी देखी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जहां छोटे बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड वितरण भी किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जहां गर्मीणों ने स्वास्थ्य भी चेक कराया आवश्यक परामर्श भी प्राप्त किया। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों में शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा आमजनों की समस्याओं को सुना गया। वहीं शिविर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय उपस्थिति थी।





## खबर संक्षेप

### प्रगतिशील सतनामी समाज की बैठक आज

**बलौदाबाजार।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी एवं जिला व ब्लॉक पदाधिकारी की बैठक स्व. महंत नयनदास स्मृति स्थल बलौदाबाजार में 16 मई को दोपहर 12 से आयोजित की गई है। प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी के मासिक बैठक में संगठन के 1 मई को राजधानी रायपुर में सतनामी सम्मेलन में पारित 15 बिंदुओं के सामाजिक रीति नीति के प्रस्ताव को गांव-गांव तक लागू करने तथा 3 मई को सतनाम धर्मशाला में संस्था की आय व्यय की रिपोर्ट के संबंध में समीक्षा एवं पारित प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश स्तरीय बहुउद्देशीय भवन के निर्माण के प्रगति सहित समाज के रीति नीति पर चर्चा की जाएगी। साथ ही साथ बलौदाबाजार जिला एवं ब्लॉक में चल रहे संगठन की गतिविधियों की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण प्रतिभावान छात्रों के सम्मान समारोह आयोजित करने के संबंध में भी चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले एवं प्रदेश पदाधिकारी मार्गदर्शन के लिए उपस्थित रहेंगे।

### वैश्विक ऊर्जा संकट के दौर में पीएम मोदी की अपील सराहनीय

**रायपुर।** वैश्विक ऊर्जा संकट और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई सात सूत्रीय अपील अत्यंत सराहनीय, अनुकरणीय एवं स्वागतयोग्य है। उत्कल गाड़ा महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने कहा, अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध जैसे हालातों के कारण पूरी दुनिया में आयातित पेट्रोल, डीजल एवं खाद्य तेलों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिसका सीधा असर आम जनता की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे वैश्विक संकट के समय प्रधानमंत्री द्वारा देशहित में ऊर्जा संरक्षण, स्वदेशी संसाधनों के उपयोग, अनावश्यक खर्चों में कमी, आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूत करने के लिए की गई सात सूत्रीय अपील दूरदर्शी सोच का परिचायक है। आज आवश्यकता इस बात की है कि देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए यदि हम सभी मिलकर ईंधन, बिजली एवं अन्य संसाधनों का संयमित उपयोग करेंगे तो देश आर्थिक चुनौतियों का मजबूती से सामना कर सकेगा।

### आप के नए प्रदेश प्रभारी करेंगे पांच दिवसीय दौरा

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के पूर्व



छग प्रभारी संदीप पाठक के भाजपा ज्वॉइन करने के बाद मुकेश अहलावत को नया प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। वे 15 मई से पांच दिनों तक छग दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे प्रदेश के चार नगर पंचायत चुनाव क्षेत्रों का दौरा कर संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। तथा स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसी क्रम में 15 मई को नगर पंचायत घुमका में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की जाएगी। पार्टी नेताओं ने कहा, नगर पंचायत चुनाव को लेकर संगठन पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरने की तैयारी कर रहा है।

### सनातन धर्म के खिलाफ बयान पर शिवसेना का प्रदर्शन, पुतला दहन

**रायपुर।** तमिलनाडु के नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि स्टालिन द्वारा तमिलनाडु विधानसभा में सनातन धर्म को लेकर दिए गए विवादित बयान एवं सनातन धर्म को समाप्त करने संबंधी कथनों के विरोध में गुरुवार को शिवसेना द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने उदयनिधि स्टालिन के पोस्टर पर कालिख पोतते हुए उनका पुतला दहन कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम के दौरान शिवसेना पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म करोड़ों लोगों की आस्था का प्रतीक है और उसके विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

# टीबी मुक्त भारत अभियान, गांवों में लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित टीबी मुक्त भारत अभियान-100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत भारतीय खान ब्यूरो रायपुर के तत्वावधान में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, यूनिट कुकुरडीह सीमेंट वर्क्स द्वारा आसपास के गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 8 मई को ग्राम टनटनी तथा 13 मई को ग्राम सेमराडीह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम को एसएच-सीएसआर राजेंद्र कुशवाहा एवं एसएच-जियोलॉजिस्ट हेमंत वर्मा ने संबोधित करते हुए टीबी

## आसपास के गांवों में चलाया गया अभियान



### टीबी मरीजों को उपचार अवधि में मिलेगी पोषण सहायता

मेडिकल टीम ने बताया कि भारत सरकार द्वारा टीबी मरीजों को उपचार अवधि के दौरान पोषण सहायता हेतु प्रतिमाह 500 रुपये की राशि डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से प्रदान की जाती है। साथ ही आमजन, संगठन एवं जनप्रतिनिधि "निक्षय मित्र" बनकर टीबी मरीजों को पोषण किट उपलब्ध करा सकते हैं। वक्ताओं ने कहा कि इस पहल से समाज की सक्रिय भागीदारी बढ़ेगी तथा तपेदिक के प्रति जागरूकता का विस्तार होगा।

उन्मूलन को राष्ट्रीय लक्ष्य बताते हुए जनसहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। ग्राम टनटनी में डॉ. धीरज भुआ तथा ग्राम सेमराडीह में चौफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. रोहित श्रीवास्तव एवं डॉ. धीरज भुआ ने ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम में ग्राम टनटनी के सरपंच बृहस्पति ध्रुव, उपसरपंच भूपेंद्र साहू, ग्राम सेमराडीह की सरपंच प्रमिला वर्मा, उपसरपंच देवनाथ साहू, सीएसआर प्रमुख राजेंद्र कुशवाहा, चीफ मेडिकल ऑफिसर रोहित यादव, डॉ. धीरज भुआ, इंजीनियर माइंस युवराज माहोरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर दिया जोर

# निगरानी समिति की बैठक में केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सांसद जांजगीर-चाम्पा कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल की सह - अध्यक्षता तथा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की विशिष्ट उपस्थित में गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई।

- सांसद जांगड़े ने कहा जनप्रतिनिधि और अधिकारी समन्वय से करें कार्य, दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो, सभी लक्ष्य समय -सीमा में पूर्ण कर लिए जाएं। जिले के दूरस्थ अंचल तक लोगों को योजनाओं का लाभ मिले। क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों की भी भागीदार जरूरी है।

जनप्रतिनिधि दौरे के दौरान योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुचाएं। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य कर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने केन्द्र सरकार की योजना के साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर लोगों को लाभ दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

बैठक में विधायक संदीप साहू, इंद्र साव, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, एसपी ओपी शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, अशोक जैन,पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।





### मौसमी बीमारियों की रोकथाम दिए निर्देश

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सभी शासकीय भवनों में शत प्रतिशत रेन वाटर हार्वेस्टिंग करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों को भी इसकी जानकारी देते हुए उन्हें जल संरक्षण हेतु जागरूक करें। जल जीवन मिशन के तहत जिले में प्रगति की समीक्षा की गई।इस दौरान जल संचयन और संग्रहण के लिए जिले में संचालित अभियान की जानकारी भी दी गई। श्री अग्रवाल ने मौसमी बीमारी से बचाव हेतु सभी तैयारी सुनिश्चित करने निर्देशित किया, उन्होंने कहा कि लोगों को इस हेतु जागरूक भी करें।देश में तेजी से बढ़ रहे डायबिटीज के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में सतत रूप से ग्रामीणों का अनिवार्य रूप से शुगर टेस्ट हो और सुशासन तिहार के तहत आयोजित सभी शिविरों में भी शुगर की नियमित जांच की व्यवस्था हो खासकर 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की शुगर जांच अनिवार्य रूप से करें।उन्होंने कहा कि जागरूकता और नियमित जांच के अभाव में ग्रामीणों को पता ही नहीं चल पाता की उन्हें डायबिटीज है। इस वजह से आगे चलकर किडनी और लिवर की समस्याएं विकराल रूप में सामने आती है।

### औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण पर जोर

प्रधानमंत्री आवास योजना को समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ दिलाएं।उन्होंने कहा बलौदाबाजार-भाटापारा जिला सीमेंट उद्योग के लिए जाना जाता है लेकिन यहां अन्य उद्योगों के लिए भी संभावनाएं हैं खासकर ऑक्सिलरी उद्योग जिनके माध्यम से सीमेंट उद्योग में लगने वाले छोटे -मोटे कलपुर्जों का निर्माण किया जा सकता है जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सकेगा और लोकल इकोनॉमी बूस्ट होगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण की समस्या से बचाव के लिए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करना चाहिए। श्री अग्रवाल ने सीमेंट उद्योगों द्वारा अनुपयोगी खदानों के क्लोजर की शीघ्र कार्रवाई के निर्देश भी दिये।सांसद श्री अग्रवाल ने गम्भीरता के साथ पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिले में निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### समीक्षा बैठक में महत्वपूर्ण दिए निर्देश

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नागरिकों की सुरक्षा के लिए सड़कों का मरम्मत,प्रतिबंधित क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश रोकने और राष्ट्रीय राजमार्ग में हेलमेट सहित अन्य सुरक्षा नियमों के अनिवार्य पालन के निर्देश दिये गये। साथ ही आपात स्थिति में बेहतर इलाज हेतु ट्रामा सेंटर की शुरुआत के निर्देश भी दिए गए ।बैठक में बताया गया कि सड़क सुरक्षा के कुशल प्रबंधन के फल स्वरूप सड़क दुर्घटनाओं में पिछले साल की तुलना में कमी आई है।जीवनदीप समिति की समीक्षा के. दौरान जिला अस्पताल सहित सभी शासकीय अस्पतालों में मरीजों और परिजनों की सुविधा के उपाय सुनिश्चित करने और समय -समय कर अस्पताल की मरम्मत के निर्देश दिए गए।

### जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को मिलकर करना होगा कार्य

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार कि अनेक योजनायें संचालित हो रही हैं। इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुंचाने में अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही बारिश में मौसमी बीमारी से बचाव, जलभराव की समस्या को दूर करने, निर्माणाधीन कार्यो को जल्द पूरा करें।

### राज्य सरकार की योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

बैठक में आयुष्मान भारत योजना,प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मनरेगा, वीबी जी राम जी, दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना ,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना,मृदा स्वास्थ्य कार्ड, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छात्रवृत्ति योजना, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना सहित लगभग 67 योजनाओं की समीक्षा हुई।

# भाजपा मंडल की बैठक में कार्यकर्ताओं को सौंपी गई विभिन्न जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

भाजपा नवापारा हथबंद मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल के नेतृत्व में उड़ेला हथबंद साहू भवन में हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

- बैठक में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर
- आगामी कार्यक्रमों के लिए रूपरेखा तय

बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष केजू बघेल ने कहा कि पार्टी की वास्तविक ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक बूथ पर मजबूत टीम का गठन किया जाए तथा बूथ समितियों के कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से अब प्रत्येक माह मंडल बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सभी मोर्चा मंडल अध्यक्षों ने अपने-अपने मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सूची प्रस्तुत की। साथ ही बूथ स्तर पर नियमित बैठकों का आयोजन कर कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर महामंत्री ईश्वरी मारकंडे, महामंत्री प्रेमलता वर्मा, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन धीगड़े, संजय वर्मा, उपाध्यक्ष धनेश्वरी वर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष विद्या वर्मा, धन्ना धनेश्वर निषाद, हरिश वैष्णव, कल्याण ध्रुव, जीतू यादव, धनी राम रजक, प्रकाश पाल, किसान मोर्चा अध्यक्ष चुरावन वर्मा, रामकुमार साहू, समारु साहू, गोवर्धन वर्मा, सचितानंद तिवारी, गौरी निषाद, अशोक धीगड़े, भावेश साहू, महेंद्र साहू एवं संतराम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष और शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा बूथ स्तर तक पार्टी की पहुंच मजबूत करने का संकल्प लिया।

# कलेक्टर ने सेवा सेतु केन्द्र का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित सेवा सेतु केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोक सेवा केन्द्र का नाम सेवा सेतु केन्द्र होने एवं सेवाओं में वृद्धि की जानकारी लोगों को आसानी से उपलब्ध हो इसके लिये सभी केंद्रों में लगाए जाने वाले के बैनर में क्यूआर कोड लगाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने केन्द्र में पहुंचे लोगों से पूछताछ करते हुए कहा कि यहां फॉर्म भरने के लिये कितना शुल्क लगा, त्वरित गति से काम होता है कि नहीं। वहां उपस्थित बलौदाबाजार निवासी नंदिनी पुरेना ने बताया कि फॉर्म वह जाति और निवास प्रमाण पत्र लेने आई है। फॉर्म भरने के लिए 30 रुपए शुल्क लिया जाता हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले अपने और पति के जाति व निवास प्रमाण पत्र के लिये फॉर्म जमा किया था। मोबाइल में मैसेज आया कि प्रमाण पत्र बन गया है इसलिए आज लेने आई हूं। कलेक्टर शर्मा ने नंदिनी को जाति और निवास प्रमाण पत्र दिया।



# 48 ड्राइवरों और ट्रांसपोर्ट प्रबंधकों ने लिया प्रशिक्षण का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक सीमेंट के रावन ट्रक यार्ड स्थित डीएमसी कक्ष में गत दिवस सीपीआर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षा हेतु आवश्यक प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर तकनीकों की जानकारी प्रदान करना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र रावन के चिकित्सक डॉ. श्रीराम ने उपस्थित ड्राइवरों एवं ट्रांसपोर्ट प्रबंधकों को सीपीआर की प्रक्रिया, आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया तथा जीवन बचाने के महत्वपूर्ण उपायों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।





कार्यक्रम में कुल 48 ड्राइवरों एवं ट्रांसपोर्ट प्रबंधकों ने भाग लेकर प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार से संबंधित व्यावहारिक जानकारी भी दी गई।

यह कार्यक्रम पीएलएच अमिया पात्र के मार्गदर्शन में लॉजिस्टिक्स विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारत साहू, विकास राय चौधरी, प्रकाश कुमार जेना, युगल किशोर शर्मा, अभिषेक बाजपेयी, विजय वर्मा, कृष्णा साहू, विक्रम, अमित, रामकृष्ण एवं परमेश्वर वर्मा सहित लॉजिस्टिक्स विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## शांतिधारा एवं भव्य शांति विधान में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

# शांतिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मूलनायक भगवान श्री 1008 शांतिनाथ भगवान का पावन जन्म कल्याणक महोत्सव जैन समाज द्वारा श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 6 बजे भगवान के अभिषेक, कलशारोहण एवं शांतिधारा के साथ हुआ। शांतिधारा करने का सौभाग्य जैन समाज के अध्यक्ष संदीप जैन एवं उनके परिवार को प्राप्त हुआ।



इसके पश्चात पन्ना से पधारे प्रतिष्ठाचार्य अभिषेक जी के सानिध्य में भव्य शांति विधान का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पूजा-अर्चना की।

भगवान के जन्म कल्याणक के अवसर पर निर्वाण लड्डू चढ़ाने का सौभाग्य रमेश छाबड़ा एवं उनके परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं बलौदा बाजार के विद्वान पंडित डीपी जैन ने शांति विधान सहित समस्त धार्मिक आयोजनों के सफल संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री शांतिनाथ की पूजा-अर्चना कर विश्व शांति, सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। अंत में जैन समाज के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता हेतु सभी समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411